**खबर संक्षेप**

### कलेक्टर भवन निर्माण कार्य में देरी पर विरोध: काम शुरू न होने पर आंदोलन की चेतावनी

**मैहर।** जिले में कलेक्ट्रेट भवन की स्वीकृति होने के बावजूद,निर्माण कार्य शुरू न होने से स्थानीय लोगों और सरकारी कर्मचारियों में असंतोष है। स्थाई भवन के अभाव में शासकीय कार्यों, जनकल्याणकारी बैठकों और जनसुनवाई जैसी प्रक्रियाओं में कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही हैं,जिससे अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी भारी असुविधा उठानी पड़ रही है। इस समस्या को लेकर,मैहर की आम जनता ने राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई है कि यदि 10 दिवस के भीतर निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया जाता है,तो मैहर की जनता आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी। ज्ञापन में राज्यपाल से आवश्यक निर्देश देने का आग्रह किया गया है ताकि कलेक्ट्रेट भवन का निर्माण शीघ्र प्रारंभ हो सके।

### मैहर जिले का नक्शा फिर बदलने की तैयारी: मुकुंदपुर सहित छह गांव रीवा में शामिल करने का प्रस्ताव, विवाद बढ़ा

**मैहर।** मध्य प्रदेश में तीन नए जिले और एक नए संभाग के गठन की तैयारी के बीच,नवगठित मैहर जिले की सीमाओं पर एक बार फिर बदलाव का संकट मंडरा रहा है। प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग की कवायद के तहत,मैहर के छह गांवों को रीवा जिले में शामिल करने के प्रस्ताव ने एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। खासतौर पर मुकुंदपुर को लेकर जनप्रतिनिधियों के बीच खींचतान मची हुई है। हालांकि,जब तक प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती,यह तय नहीं है कि मुकुंदपुर सहित ये छह गांव रीवा या मैहर में रहेंगे। इस पुनर्गठन का असर राजधानी भोपाल पर भी पड़ना तय है,जहां हर विधानसभा क्षेत्र में एक-एक तहसील बनाने का रास्ता साफ हो गया है,जिससे तहसीलों की संख्या आठ हो जाएगी। आयोग का लक्ष्य दिसंबर 2025 तक मैदानी काम पूरा करना है,क्योंकि जनगणना महानिदेशालय ने प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं को फ्रीज करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद जनगणना पूरी होने तक कोई नई प्रशासनिक इकाई नहीं बनाई जा सकेगी। आयोग ने सितंबर तक 25 जिलों में अपना काम पूरा कर लिया है,और अगले तीन महीनों में बाकी जिलों में भी यह प्रक्रिया पूरी करने का लक्ष्य है।

## सतना में अचानक बदला मौसम

# शाम 5 बजे छाया अंधेरा बारिश से लौटी ठंडक




सतना। साल के अक्टूबर महीने में सोमवार को मौसम ने अचानक करवट ली। शाम करीब 5:15 बजे अचानक अंधेरा छा गया,जिससे घरों,दुकानों और यहां तक कि सड़कों पर वाहनों की लाइटें जलानी पड़ीं। इसके तुरंत बाद बादल बरसे और पूरे मौसम में ठंडक घुल गई। पिछले दो-तीन दिनों से आसमान में बादलों की आवाजाही जारी थी,और सोमवार को ठंडी हवाएं भी चलती रहीं।

### मौसम बदलाव की वजह

स्थानीय मौसम विभाग के वैज्ञानिक के अनुसार,इस अचानक बदलाव के पीछे कई कारण हैं। बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवात बना हुआ है,वहीं अरब सागर में भी अति कम दबाव का क्षेत्र सक्रिय है। इसके अतिरिक्त,जम्मू-कश्मीर के पास पश्चिमी विक्षोभ के कारण भी इस तरह की स्थिति उत्पन्न हुई है।



### अगले 3-4 दिन मौसम ऐसा ही रहने का अनुमान

मौसम विभाग के वैज्ञानिक ने अनुमान लगाया है कि अगले तीन से चार दिनों तक मौसम इसी तरह बना रहेगा और कुछ स्थानों पर बारिश भी हो सकती है। मौजूदा समय में रात का तापमान 20 से 22 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है। जैसे ही बादल हटेंगे,तापमान एकदम से गिरकर 20 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। सोमवार को अधिकतम तापमान 28.9 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।



### बाजार में अफरा-तफरी

सोमवार शाम अचानक हुई बारिश के कारण बाजार क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। मालवाहक छोटे वाहन चालकों,रिक्शा और ठेली वालों को अपने सामान को पानी से भीगने से बचाने के लिए पन्नियों से ढकते हुए देखा गया। मौसम के अचानक ठंडा होते ही चाय की दुकानों पर भी लोगों की भीड़ बढ़ गई।

## कुपोषण पर पर्दा: हुसैन के वजन न बढ़ने पर सीएमएचओ का 'हार्ट डिफेक्ट' का बेतुका तर्क; सच से ध्यान भटकाने की साजिश!

**सतना।** मासूम हुसैन की मौत के बाद अब स्वास्थ्य विभाग ने अपनी विफलता पर लीपापोती करने की शर्मनाक कोशिश की है।नौनिहाल की मौत के बाद कुपोषण की भयानक सच्चाई उजागर होने के बजाय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने एक नया और बेतुका तर्क पेश किया है।

सीएमएचओ ने बच्चे का वजन न बढ़ने का कारण 'हार्ट डिफेक्ट' और 'मेटाबॉलिक डिसऑर्डर' बताया है,जो सीधे तौर पर विभागीय जवाबदेही से बचने की रणनीति लगती है। स्वास्थ्य विभाग की यह दलील तब और भी हास्यास्पद हो जाती है,जब मीडिया पड़ताल में यह तथ्य सामने आता है कि मासूम की ईको कार्डियोग्राफी (ईको रिपोर्ट) सामान्य पाई गईं। यह सीधे-सीधे सीएमएचओ के 'हार्ट डिफेक्ट' के दावे को झूठा साबित करता है।इससे भी बड़ी लापरवाही यह है कि जिस 'मेटाबॉलिक डिसऑर्डर' को वजन न बढ़ने का कारण बताया जा रहा है,उसकी कोई ठोस जांच ही नहीं हुई है। बिना किसी पुख्ता चिकित्सा प्रमाण और जांच के,कुपोषण जैसे गंभीर मामले पर 'हार्ट डिफेक्ट' या 'मेटाबॉलिक डिसऑर्डर' का ठप्पा लगाना,स्वास्थ्य विभाग के गैर-जिम्मेदार रवैये और संवेदनहीनता को दर्शाता है।साफ है,यह पूरा प्रयास कुपोषण की सच्चाई से ध्यान भटकाने और विभागीय जवाबदेही से पल्ला झाड़ने की एक सोची-समझी साज़िश है। हुसैन की मौत की असली वजह,जो कि गंभीर कुपोषण हो सकती है,उसे स्वीकारने से विभाग लगातार बच रहा है। यदि बच्चे को सही समय पर और उचित पोषण व चिकित्सा मिलती,तो शायद उसकी जान बच सकती थी। यह केवल एक बच्चे की मौत का मामला नहीं है,बल्कि यह उस सरकारी तंत्र की उदासीनता का प्रमाण है जो बच्चों को कुपोषण के हवाले कर देता है और जब मौत होती है तो नए-नए फर्जी तर्क गढ़कर सत्य पर पर्दा डालने की कोशिश करता है। सीएमएचओ का यह नया तर्क विभाग की घोर लापरवाही और असंवेदनशीलता का परिचायक है।सवाल यह है कि जब ईको रिपोर्ट सामान्य है और मेटाबॉलिक डिसऑर्डर की जांच नहीं हुई,तो सीएमएचओ किस आधार पर ऐसे गंभीर दावे कर रहे हैं? क्या यह जनता को मूर्ख बनाने की कोशिश नहीं है? इस पूरे मामले की उच्च-स्तरीय और निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ताकि कुपोषण से जुड़ी सच्चाई सामने आए और ज़िम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई हो सके।अन्यथा,ऐसी लीपापोती जारी रहेगी और प्रदेश के मासूम बच्चे कुपोषण के शिकार होते रहेंगे।

## एक कोच और गार्ड यान-की कपलिंग टूटी, चलती ट्रेन से अलग हो गए

# सतना रेलखंड पर एलटीटी-भागलपुर एक्सप्रेस दो हिस्सों में बंटी; धीमी रफ्तार बनी यात्रियों की 'ढाल'

### जांच कमेटी ने शुरू की पड़ताल, कल तक आएगी रिपोर्ट

**सतना।** सतना-मानिकपुर रेलखंड पर रविवार और सोमवार की दरमियानी रात एक बड़ा रेल हादसा होते-होते टल गया।लोकमान्य तिलक टर्मिनस-भागलपुर एक्सप्रेस (12336) ट्रेन के तीन कोच-एक स्लीपर (S-1),एक जनरल कोच और गार्ड यान-की कपलिंग टूटने से वे चलती ट्रेन से अलग हो गए।

### देर रात हुई घटना

यह घटना मझगवां और टिकरिया स्टेशनों के बीच देर रात करीब 2:54 बजे हुई। गनीमत यह रही कि ट्रेन उस समय 'कॉशन' (सावधानी) आदेश के चलते सिर्फ 10 किलोमीटर प्रति घंटे की धीमी रफ्तार से चल रही थी। धीमी गति के कारण ही एक बड़ा और भयानक हादसा टल गया। कपलिंग टूटते ही एयर प्रेशर कम होने से तकनीकी ब्रेकिंग सिस्टम सक्रिय हो गया और ट्रेन स्वतः रुक गई। अलग हुए कोच मुख्य रैक से लगभग 100 मीटर पीछे ही रुक गए।



### तत्काल एक्शन और जांच के आदेश

कपलिंग टूटने के कुछ ही मिनटों के भीतर गार्ड और ड्राइवर ने घटना की जानकारी जबलपुर डिविजन के चीफ सेशन कंट्रोलर को दी।सूचना मिलते ही एरिया मैनेजर नरेश सिंह,स्टेशन मास्टर अब्दुल मतीन, आरपीएफ,जीआरपी और तकनीकी टीम तुरंत मौके पर पहुंची।रेलवे टीम ने S-1 कोच को अलग कर बाकी दो बोगियों को मुख्य रैक से दोबारा जोड़ा।यात्रियों को सुरक्षित रूप से अन्य कोचों में शिफ्ट किया गया। लगभग 4घंटे की मशक्कत के बाद,ट्रेन को सुबह 7बजे भागलपुर के लिए रवाना कर दिया गया। रेलवे प्रशासन ने घटना की पुष्टि करते हुए कपलिंग टूटने के कारणों की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। प्रारंभिक जांच में कपलिंग के जॉइंट में तकनीकी गड़बड़ी सामने आई है। राहत की बात यह है कि इस घटना में किसी भी यात्री के हताहत होने की कोई खबर नहीं है,लेकिन घना जंगल और अंधेरे के बीच यात्रियों में दहशत का माहौल बन गया था।

### इनका कहना है

सतना रेलवे जंक्शन के एरिया मैनेजर विजय सिंह के मुताबिक कोच क्रमांक S-1 की कपलिंग टूटने की वजह से यह घटना हुई है,इसके लिए जांच कमेटी बना दी गई है और कमेटी ने जांच भी शुरू कर दी है। जांच रिपोर्ट कल तक आ जाएगी।

## चोर ने सूने घर से उड़ाए 5 लाख के जेवरात और नगदी, आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया



**सतना।** सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नवदुर्गा चौक,भैंसाखाना निवासी अमर कोरी पिता रामगोपाल कोरी के सूने घर में घुसकर अज्ञात चोर द्वारा सोने-चांदी के जेवरात एवं 20,000 नगदी सहित करीबन 5 लाख रुपये के सामान की चोरी कर ली गई। यह घटना गत 22 अक्टूबर की रात को तब हुई,जब अमर अपनी पत्नी के साथ करीब 11:45 बजे घर का दरवाज़ा ओढ़का करके टहलने चले गए थे। वापस लौटने पर उन्हें घर में चोरी होने की जानकारी हुई। फ़रियादी ने बताया कि उनके बेड के लॉकर में रखा सोना-चांदी का सामान,जिसमें सोने का हार,सोने का कान का झुमका व चांदी का कमरबंद, चांदी का 3 नग पायल,चांदी का 10 नग बिछिया एवं 20,000 नकद थे,चोरी कर लिए गए। फ़रियादी ने आरोपी रोहन जाटव पिता सुरेश जाटव पर वारदात कारित करने का संदेह व्यक्त करते हुए सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 379(2), 405(**A**) बीएनएस का पंजीबद्ध किया। तत्काल मामला फ़रियादी के घर में हुई चोरी के संबंध में होने से आरोपी की पता तलाश हेतु टीम रवाना की गई थी।अनावेदक रोहन जाटव पिता सुरेश जाटव उम्र 20 वर्ष निवासी बजरहा टोला थाना सिटी कोतवाली घटना दिनांक से अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए लुकता-छिपता रहा। पुलिस टीम की सक्रियता व मुखबिर की सूचना पर दिनांक 26 अक्टूबर को पन्नीलाल चौक के पास गिरफ्तार किया गया और आरोपी के पास से घर में चोरी का जेवरात ज़ब्त किया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया। पुलिस के मुताबिक आरोपी आदतन अपराधी है और पूर्व में भी कई बार अपराध कर चुका है। न्यायालय द्वारा आरोपी को केंद्रीय जेल सतना में निरुद्ध किया गया है।

### बिहटा में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

सतना। उचेहरा के समीप बिहटा गांव में काकी फाउंडेशन लोहरौरा द्वारा सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के सहयोग से निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर 30 अक्टूबर 2025 को प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक ग्राम पंचायत भवन में आयोजित किया जाएगा। जिसमें विभिन्न प्रकार के नेत्र रोगों की जांच विशेषज्ञों द्वारा की जाएगी तथा आवश्यक दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपण के लिए चित्रकूट भेजा जाएगा और ठीक होने के बाद उन्हें वापस भेज दिया जाएगा। अन्य मरीजों को शिविर में रियायती दर के चश्में भी उपलब्ध कराए जाएंगे। शिविर में आधार कार्ड की प्रति लाना अनिवार्य है।

## समस्याओं को लेकर भदनपुर माइंस कांटा के पास धरना

**मैहर।** अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के कारण आस पास के ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जिसकों लेकर कई बार ग्रामीणों के द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया जिस पर अधिकारियों के द्वारा समस्याओं का निराकरण करने हेतु आश्वासन दिया गया किंतु आज तक किसी समस्या का हल नहीं निकला है जिसके कारण चलते ग्रामीणों में असंतोष दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट भदनपुर के माइंस कांटा के पास में ग्रामीणजना इकठ्ठा हुए और धरना प्रदर्शन कर महाप्रबंधक अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री मैहर को सौंपा गया है।ज्ञापन के माध्यम से प्रमुख मांगे है माइनिंग एरिया एवं प्रोजेक्ट एरिया के 6-6 गांवों के क्षेत्रीय बेरोजगार युवकों को योग्यता के अनुसार रोजगार प्रदान करने तथा सीएसआर के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। इसी तरह ग्राम पंचायत में सीएसआर के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क,पर्यावरण संरक्षण,खेलकूद केन्द्र जैसी मूलभूत सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराने की मांगे है।डेल्हा आदिवासी बस्ती में सीएसआर के माध्यम से सड़क का निर्माण किया जाए। फैक्ट्री के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों में अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति एवं आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के 5 से 14 वर्ष के बच्चों को अनिवार्य रूप से शिक्षा में सुधार करने हेतु कोचिंग की व्यवस्था कराने सहित अन्य मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांगे की गई है।



इस अवसर पर राघवेन्द्र अहिरवार जिला अध्यक्ष मैहर,अनिल सूर्यवंशी, दिलीप साकेत, तूफान सूर्यवंशी, जीवन लाल, पूरन चंद्र बौद्ध, अमर साकेत, रामप्रकाश काल सहित काफी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## कांग्रेस सेवादल का मासिक 'ध्वज वंदन' कार्यक्रम आयोजित: गोरों से लड़े थे,अब देश बेचने वालों से लड़ रहे हैं

**मैहर।** मैहर में जिला कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष अरुण तनय मिश्र के मार्गदर्शन में मासिक 'ध्वज वंदन' कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम स्थानीय सेवादल कार्यालय में वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमापति गौतम,केशव प्रसाद चौरसिया,नागेंद्र नाथ बड़गइया और ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू सिह,रजनीश शर्मा,अखंड प्रताप सिह,रमेश प्रजापति,गणेश चतुर्वेदी की विशिष्ट उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम गीत और ध्वज वंदन के साथ हुआ,जिसके बाद राष्ट्रगान गाया गया और हार्डिकर के चित्रपट पर दीप प्रज्वलित किया गया। अपने उद्बोधन में जिला अध्यक्ष अरुण तनय मिश्र ने सेवादल को कांग्रेस का स्तंभ बताते हुए



कहा कि जिस तरह सेवादल ने आजादी की लड़ाई में महात्मा गांधी और पंडित नेहरू के आवाहन पर गोरों से कंधे से कंधा मिलाकर लड़ाई लड़ी थी,आज भी वह उन ताकतों से लड़ रहा है जो देश को कमजोर करने में लगी हैं। उन्होंने कहा,लड़ाई में फर्क सिर्फ इतना है-पहले लड़े थे गोरों से अब लड़ रहे देश को बेचने वालों से। जिला अध्यक्ष धर्मेश घई ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर महंगाई,भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के खिलाफ,गांधी जी के बताए हुए रास्ते पर चलकर लड़ने का आह्वान किया। सेवादल के सिपाहियों ने उपस्थित अतिथियों का सूत की माला से स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार सेवादल अध्यक्ष ऋषिकेश पांडे ने व्यक्त किया।

## मैहर की टमस नदी पर गहराया संकट: बह रहा है 'ज़हर', क्यों बीमार हो रहे हैं ग्रामीण?

**मैहर।** मैहर की पहचान,टमस नदी,अब लोगों के स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा बन गई है। मैहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में घातक बीमारियों की बढ़ती घटनाओं ने गहरी चिंता पैदा कर दी है।

नागरिकों,समाजसेवियों और चिकित्सा विशेषज्ञों ने आशंका जताई है कि उद्योगों से निकलने वाले अपशिष्टों के कारण नदी का पानी दूषित हो गया है। नदी के निकट स्थित केजेएस, आरसीसीपीएल, और अल्ट्राटेक जैसी बड़ी औद्योगिक इकाइयों की ओर इशारा करते हुए,स्थानीय लोगों ने कहा है कि नदी के पानी का रंग,स्वाद और गंध बदल गया है। विशेषज्ञों के अनुसार,इन उद्योगों से निकलने वाले फ्लाई ऐश,क्रोमियम,कैल्शियम ऑक्साइड और सल्फ़ेट्स जैसे रसायन,यदि बिना शुद्धिकरण के नदी में मिल रहे हैं,तो पानी का पीएच स्तर 4से 11तक डगमगा सकता है,जो इसे पीने योग्य नहीं,बल्कि 'धीमा ज़हर' बना देता है। कहा जा रहा है कि यह दूषित पानी शरीर में लेड,कैडमियम और ज़िंक जैसी भारी धातुओं को जमा कर रहा है,जो किडनी,लिवर,हड्डियों और मस्तिष्क को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके अलावा,सूर्य के प्रकाश में इन रसायनों की प्रतिक्रिया से क्लोरोफॉर्म और ट्राईहेलोमीथेन जैसे कैंसरकारी यौगिकों के बनने की संभावना भी बढ़ जाती है।मैहर का फिल्टर प्लांट भी इन खतरनाक तत्वों को पूरी तरह से हटाने में सक्षम नहीं है,जिससे घरों तक पहुंचने वाला पानी भी सुरक्षित नहीं माना जा रहा है। स्थानीय जनता कई सालों से इस पानी के कारण गंभीर रोगों का शिकार बन रही है। मांग की गई है कि प्रशासन,वैज्ञानिक संस्थान और उद्योग जगत मिलकर टमस नदी की निष्पक्ष और सार्वजनिक जांच कराएं।

## खबर संक्षेप

### छतरपुर में नाबालिग छात्र लापता, परिजनों ने जताई अपहरण की आशंका



छतरपुर। ग्राम पाली थाना बिजावर की रहने वाली मालती यादव पति अच्छेलाल यादव (उम्र 40 वर्ष) ने अपने ससुर नत्थू यादव के साथ थाने पहुंचकर बेटे के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि उसका बड़ा बेटा आशीष यादव उम्र 15 वर्ष छतरपुर के ओम सरस्वती स्कूल में कक्षा 9वीं का छात्र है और पढ़ाई के दौरान हनुमान टोरिया के पीछे स्थित उदगम हॉस्टल में रहता था। दीपावली की छुट्टियों पर वह घर ग्राम पाली आया हुआ था। छुट्टियां समाप्त होने पर 26 अक्टूबर 2025 को दोपहर करीब 3 बजे उसे बिजावर बस स्टैंड से छतरपुर जाने वाली पूजा बस में बैठाया गया था।रात करीब 9 बजे जब महिला ने पड़ोसी नरेंद्र यादव के मोबाइल से हॉस्टल के इंचार्ज भैयाजी पटेल को फोन कर बेटे से बात करनी चाही, तो पता चला कि आशीष यादव हॉस्टल नहीं पहुंचा है। इसके बाद परिजनों ने रातभर बिजावर, मातगुवां और छतरपुर में रिश्तेदारों के यहां तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। आज सुबह जब परिजनों ने ओम सरस्वती स्कूल में संपर्क किया, तो पता चला कि आशीष स्कूल भी नहीं पहुंचा। महिला ने आशंका जताई है कि अज्ञात व्यक्ति उसके बेटे को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने अपराध धारा 137(2) बीएनस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बसों में मनमानी वसूली आरटीओ को सौंपा ज्ञापन



छतरपुर। सोमवार को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के कार्यकर्ताओं ने बस यात्रियों से नियम विरुद्ध किराया वसूली एवं बसों में हो रही अनियमितताओं के विरोध में आरटीओ कार्यालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने आरटीओ अधिकारी मधु सिंह को ज्ञापन सौंपा और मांग की कि बस संचालकों द्वारा मनमाने तरीके से वसूले जा रहे किरायों पर तत्काल रोक लगाई जाए।आरटीओ अधिकारी मधु सिंह ने बताया कि ट्रांसपोर्ट कमिश्नर एवं कलेक्टर के निर्देशन में निरंतर बसों की जांच की जा रही है। जिन बसों में नियमों का उल्लंघन पाया जाता है, उनके चालान काटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बस संचालकों द्वारा अधिक किराया वसूले जाने की शिकायतों पर गंभीरता से कार्यवाही की जा रही है। इसी संदर्भ में बस संचालकों की बैठक बुलाई गई है। इससे पहले सितम्बर माह में भी मीटिंग कर सभी को किराए का नोटिफिकेशन समझाया गया था, जिसमें सभी प्रकार की बसों का अलग-अलग किराया निर्धारित किया गया है। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही यात्रियों से मनमानी वसूली पर रोक नहीं लगी तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### एनसीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 का शुभारंभ



सिंगरौली स्थित कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में 27 अक्टूबर 2025 से 2 नवम्बर 2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 का आयोजन किया जा रहा है।भारत सरकार के केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत मनाए जा रहे इस सप्ताह का शुभारंभ एनसीएल मुख्यालय में सोमवार को भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल को नमन करते हुए सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान निदेशक (मानव संसाधन) श्री मनीष कुमार ने उपस्थित एनसीएल कर्मियों को जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों का पालन करने तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष हेतु प्रतिज्ञा दिलाई। अपने उद्बोधन में निदेशक (मानव संसाधन) श्री मनीष कुमार ने इस वर्ष की थीम "सतर्कता – हमारी साझा जिम्मेदारी" को समसामयिक बताते हुए इसकी व्यापकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में निवारक सतर्कता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।कार्यक्रम में निदेशक (तकनीकी–परियोजना एवं योजना) श्री आशुतोष द्विवेदी, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय कुमार जयसवाल, एनसीएल मुख्यालय के विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कर्मी उपस्थित रहे।इस अवसर पर मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय कुमार जयसवाल ने भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों के संदर्भ में सतर्कता जागरूकता अभियान और सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाने के उद्देश्यों को रेखांकित किया।

# सीलोन चौकी को न हटाने ग्रामीणों ने की मांग, एसपी को सौंपा ज्ञापन

सोमवार को सीलोन, कांबर, भुसोल, मझोटा सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने सीलोन चौकी को न हटाने की मांग को लेकर एसपी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों में मानवेन्द्र सिंह मोनू राजा, लोकेन्द्र वर्मा, परमलाल मिश्रा, कांबर सरपंच लक्ष्मण सिंह बुंदेला, हरिराम रैकवार सहित दर्जनों लोग शामिल रहे।



छतरपुर।

ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 1981 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह द्वारा इस क्षेत्र में बढ़ते अपराध और डाकुओं के आतंक को देखते हुए सीलोन चौकी की स्थापना कराई गई थी। उस समय बड़ी वारदात में सात ग्रामीणों की हत्या हुई थी, जिसके बाद क्षेत्र की सुरक्षा के लिए चौकी का निर्माण हुआ। चौकी स्थापित होने के बाद से ही इलाके में अपराधों में कमी आई और लोगों को सुरक्षा की भावना मिली।

अब प्रशासन द्वारा सीलोन चौकी को झमटुली में विस्थापित किए जाने की योजना बनाई जा रही है, जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया है। ग्रामीणों का कहना है कि झमटुली में नई चौकी बनाना स्वागत योग्य है, परंतु सीलोन में स्थित पुरानी चौकी को हटाया न जाए। चूंकि सीलोन के आसपास का क्षेत्र जंगली है और पुलिस की उपस्थिति से लोग निर्भय रहते हैं। उन्होंने कलेक्टर और एसपी से क्षेत्र की भौगोलिक एवं सुरक्षा स्थिति को देखते हुए सीलोन चौकी को यथावत रखने की मांग की है।

## इनामी हत्यारोपी को गौरिहार पुलिस ने पकड़ा



छतरपुर।

थाना गौरिहार पुलिस ने वर्ष 2024 के हत्या के प्रकरण के 7000 के इनामी फरार आरोपी सत्येंद्र अहिरवार पिता पप्पू उर्फ सुरेश अहिरवार निवासी ग्राम गहबरा को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। इस कार्यवाही में एसडीओपी लवकुश नगर नवीन दुबे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गौरिहार निरीक्षक संदीप दीक्षित, उप निरीक्षक सुरेंद्र मरकाम, आरक्षक अमित शर्मा, विकास सिंह, दीपक चौरसिया, अनिल यादव एवं शंकर सिंह की भूमिका रही।

न्याय पथ अभियान के तहत पूर्व में थाना नौगांव पुलिस द्वारा 25 वर्ष पुराने अपहरण, दुष्कर्म के प्रकरण के आरोपी, 17 वर्ष पुराने हत्या के प्रयास प्रकरण के आरोपी, थाना बमीठा पुलिस द्वारा 14 साल पुराने विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के फरार आरोपी, मातगुवां पुलिस द्वारा 10 साल पुराने लूट एवं एनडीपीएस के आरोपी, जुझार नगर पुलिस द्वारा 25 वर्ष पुराने छेड़छाड़ तथा 3 वर्ष पुराने मारपीट अवैध हथियार के आरोपी, बिजावर पुलिस द्वारा 7 वर्ष पुराने चोरी के प्रकरण के आरोपी, थाना गौरिहार पुलिस द्वारा 17 वर्ष पुराने चोरी के आरोपी, थाना गढ़ी मलहरा पुलिस द्वारा 17 साल पुराने धोखाधड़ी प्रकरण के आरोपी तथा थाना ओरछा रोड पुलिस द्वारा 21 एवं 20 साल पुराने चोरी के प्रकरण के आरोपी सहित 550 से अधिक प्रकरणों के 6 लाख रुपये से अधिक के इनामी आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं।

## एनटीपीसी प्लांट के खिलाफ तीन गांवों का प्रदर्शन, काम बंद

**मुआवजा और रोजगार की मांग को लेकर सांदनी, बांदनी व बरेठी गांव के लोग आंदोलन पर उतरे**



छतरपुर।

एनटीपीसी प्लांट के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा सोमवार को खुलकर सामने आया। सांदनी, बांदनी और बरेठी गांव के लोगों ने मुआवजा, रोजगार और अन्य वादे पूरे न होने के विरोध में प्लांट का काम ठप करा दिया। बड़ी संख्या में एकत्र हुए ग्रामीणों ने एनटीपीसी मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक काम नहीं होने दिया जाएगा।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि एनटीपीसी अधिकारियों ने जमीन अधिग्रहण के दौरान कई वादे किए थे जिनमें स्थानीय लोगों को रोजगार देना, स्कूल और आंगनवाड़ी बनवाना जैसी प्रमुख बातें शामिल थीं लेकिन अब तक एक भी वादा पूरा नहीं किया गया है। कई प्रभावित परिवारों को उनकी जमीन का मुआवजा भी नहीं मिल सका है। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत करने का प्रयास किया। बावजूद इसके ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी कि जब तक प्रशासन और एनटीपीसी प्रबंधन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं करते, उनका विरोध जारी रहेगा।

## आगजनी में सम्मिलित पांच हजार के इनामी आरोपी सत्तू अनुरागी सहित 6 आरोपी गिरफ्तार

**आरोपी सत्तू उर्फ सत्येंद्र अनुरागी चोरी, मारपीट जैसे 4 अपराध में पूर्व से लिप्त**



छतरपुर।

जिले के थाना हरपालपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम इमलिया के एक धार्मिक स्थल में जाकर आगजनी कर धार्मिक दस्तावेज, पर्दे, कूलर, साउंड सिस्टम सहित अन्य सामग्री को क्षति पहुंचाने संबंधी रिपोर्ट पर थाना हरपालपुर में भारतीय न्याय संहिता की समुचित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु 5000 के इनाम की उद्घोषणा कर पुलिस टीमें गठित की गई थी, प्रकरण की मॉनिटरिंग निरंतर की जा रही थी। पुलिस टीम द्वारा उक्त घटना को अंजाम देने वाले फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु जिला महोबा सहित हर संभावित स्थानों में दबिश दी गयी। घटना के 24 घंटे के अंदर मुख्य आरोपी सहित 5 आरोपी हर्ष पटेरिया पिता सुरेंद्र पटेरिया, मनोज पटेरिया पिता रामकुमार पटेरिया, सुनील राजपूत पिता कल्याण सिंह, उमेश पाल पिता बालकिशन पाल, गंजू उर्फ उन्नु राजपूत पिता कल्लू राजपूत सभी निवासी ग्राम इमलिया थाना हरपालपुर को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

घटना में सम्मिलित छठवें आरोपी सत्तू उर्फ सत्येंद्र अनुरागी पिता रमेश चंद्र अनुरागी निवासी ग्राम इमलिया थाना हरपालपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी सत्तू उर्फ सत्येंद्र अनुरागी चोरी, मारपीट जैसे 4अपराध में पूर्व से लिप्त है। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है। विवेचना कार्यवाही जारी है। उक्त त्वरित कार्यवाही में थाना प्रभारी हरपालपुर निरीक्षक संजय राय, उप निरीक्षक राजेंद्र बागरी, सहायक उप निरीक्षक प्रदीप सिंह, प्रधान आरक्षक राजेश, राकेश, ब्रजराज, आरक्षक रामकिशोर, रामपाल, सतीश, हरगोविंद एवं साइबर टीम की भूमिका रही।

## दबंगों ने मार-मारकर उधेड़ डाली युवक की चमड़ी शराब के लिए पैसा न देने पर बरपाया कहर

छतरपुर।



नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम मऊ सहानियां में एक युवक की गांव के ही कुछ दबंगों ने पीट-पीटकर चमड़ी उधेड़ डाली। युवक का जुर्म यह था कि उसने दबंगों द्वारा शराब के लिए मांगे गए पैसे देने से इंकार किया था, इसी बात से नाराज होकर उसके साथ बेइंतहा मारपीट की गई। पीड़ित का यह भी आरोप है कि नौगांव पुलिस ने उसके साथ हुई बर्बरता के लिए आरोपियों पर सही धाराओं का प्रयोग नहीं किया है। बहरहाल पीड़ित युवक ने अपने माता-पिता के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़ित युवक अखिलेश चंदौरिया ने बताया कि गत 24 तारीख की रात को वह अपने एक दोस्त की जन्मदिन पार्टी में गया था। रात करीब 12 बजे जब वह दोस्त के घर से अपने घर वापिस लौट रहा था तभी रास्ते में उसे गांव का रमेश पाराशर मिला, जिसने उसे रोक लिया। अखिलेश के मुताबिक रमेश पाराशर के साथ नरेश और राजेश पाराशर भी थे। तीनों ने उससे शराब और मुर्गा की पार्टी के लिए 10 हजार रुपए मांगे और जब अखिलेश ने पैसे देने से इंकार किया तो तीनों ने मिलकर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से उसे पीटना शुरु कर दिया। अखिलेश का यह भी आरोप है कि तीनों आरोपी उसका अपहरण कर साथ ले जाने का प्रयास कर रहे थे लेकिन शोर मचाए जाने पर आरोपी मौके से भाग निकले। भीषण मारपीट के कारण अखिलेश लगभग बेसुध हो गया था। घटना के अगले दिन अखिलेश ने नौगांव थाना में शिकायत की थी लेकिन उसका आरोप है कि नौगांव पुलिस ने न तो उचित धाराओं में मामला दर्ज किया और न ही अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सोमवार को पीड़ित अखिलेश ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती आवेदन देकर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई कराने की मांग की है।



## राजनगर विधायक ने किया साढ़े 8 करोड़ की लागत से बनने वाली दो सड़कों का किया भूमिपूजन

राजनगर।

राजनगर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए विधायक अरविंद पटैरिया ने ग्राम मऊ मसनिया से बमनोरा रोड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। इस सड़क निर्माण पर लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत आएगी। वहीं जीरो चेन मेन रोड से नांद के पचलोरन पुरवा तक लगभग 3 करोड़ 30 लाख रूपए की लागत से बनने वाली सड़क का भी भूमिपूजन किया। भूमिपूजन समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विधायक पटैरिया ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं और किसी भी विकास कार्य में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों की सड़कों के निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि गांवों के आर्थिक व सामाजिक विकास को भी नई दिशा मिलेगी। विधायक ने स्थानीय लोगों से निर्माण कार्य में सहयोग की अपील भी की। इसी क्रम में विधायक ने जीरो चेन मेन रोड से नांद के पचलोरन पुरवा तक लगभग 3 करोड़ 30 लाख रूपए की लागत से बनने वाली सड़क का भी भूमिपूजन किया। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सड़क निर्माण से क्षेत्रवासियों को लंबे समय से हो रही परेशानी से निजात मिलेगी।

## खेत पर सो रहे वृद्ध को गला रेत कर उतारा मौत के घाट

**जांच में जुटी पुलिस डॉग स्कॉड और एफएसएल टीम ने जुटाए सबूत**



बिजावर।

बीती रात थाना क्षेत्र में बिजावर-गुलगंज मार्ग पर खेत की झोपड़ी में सो रहे एक वृद्ध की अज्ञात व्यक्ति द्वारा गला रेत कर नृशंष हत्या कर दी गई। सुबह जब परिजन खेत पर पहुंचे तब उन्हें खून से लथपथ हालत में चारपाई पर पड़ा शव मिला, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने डॉग स्कॉड और एफएसएल की मदद से सबूत एकत्रित कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम भारतपुरा निवासी 70 वर्षीय घमंडी अहिरवार रोज की तरह बिजावर-गुलगंज मार्ग पर स्थित अपने खेत पर बनी झोपड़ी में सो रहे थे। रात के वक्त किसी अज्ञात ने धारदार हथियार से उनका गला रेत दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। सुबह के वक्त जब परिजन खेत पर पहुंचे तब उन्हें घमंडी का खून से लथ-पथ शव चारपाई पर पड़ा मिला। तुरंत घटना की जानकारी बिजावर पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद बिजावर एसडीओपी अजय रिठोरिया, थाना प्रभारी कमलजीत सिंह मावई पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद डॉग स्कॉड और एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिन्होंने बरीकी से जांच करते हुए साक्ष्य एकत्रित किए। परिजनों का कहना है कि मृतक घमंडी अहिरवार शांत स्वभाव के व्यक्ति थे और उनका किसी से भी विवाद नहीं था। परिजनों के इस बयान के कारण फिलहाल पुलिस को किसी पर संदेह नहीं है। मौके पर मिले साक्ष्यों के आधार पर इस अंधे कत्ल की विवेचना की जा रही है।

**इनका कहना है -**

बिजावर-गुलगंज मार्ग पर खेत पर बनी झोपड़ी के बाहर चारपाई पर सो रहे वृद्ध की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या की गई है। डॉग स्कॉड और एफएसएल टीमों से घटना स्थल का निरीक्षण कराया है। चूंकि परिजनों ने किसी से विवाद होने अथवा किसी पर संदेह होने की बात नहीं की है इसलिए प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर विवेचना की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

**अजय रिठोरिया**
**एसडीओपी, बिजावर**

## शरीर की सुविधाओं पर फोकस है अथवा चैतन्य के परिमार्जन पर: लखन लाल असाटी

**बक्सवाहा में शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों ने लिया अल्पविराम**

बक्सवाहा। आनंद विभाग की ओर से मास्टर ट्रेनर लखनलाल असाटी, श्रीमती आशा असाटी, प्रदीप सेन एवं रामकृपाल यादव द्वारा बक्सवाहा जनपद सभाकक्ष में अल्पविराम संपन्न कराया गया, जिसमें बोलते हुए प्रतिभागियों ने कहा कि अभी तो उनका शरीर की सुविधाओं पर ही फोकस अधिक है चैतन्य के परिमार्जन पर ध्यान ही नहीं जाता है, लखन लाल असाटी ने कहा कि शरीर की यात्रा सीमित है पर चैतन्य तो नित्य है। शरीर में वृद्धि होती है जो चक्रीय है अर्थात फिर वापस शून्य पर आ जाएगी पर चैतन्य का परिमार्जन रेखीय है और स्थाई है। वर्कशॉप में तहसीलदार भरत पांडे जनपद अध्यक्ष सरोज यादव के पति मोती यादव जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक आशीष ताम्रकार सहित क्षेत्र के शासकीय अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए यह जिले में अल्पविराम का आठवां और अंतिम ब्लॉक स्तरीय अल्पविराम कार्यक्रम था, कार्यशाला में मदद, कृतज्ञता और क्षमा के भाव को केंद्र में रखकर आनंद पर संवाद किया गया। आशा असाटी द्वारा आनंद की ओर सत्र के माध्यम से प्रतिभागियों को उनके लिए



आनंद का मतलब और इसके घटने - बढने के पैमानों पर ध्यान दिलाया गया, प्रतिभागियों का जवाब उन मान्यताओं और धारणाओं को तोडने वाला था जिसमें आनंद को अपार संपत्ति, अपार सुविधा अपार बैंक बैलेंस से जोड़ कर देखा जाता है। प्रतिभागियों ने कहा कि वह परिवार के साथ रहकर, दूसरों की मदद कर और अच्छे कार्यों को संपन्न करने से अधिक आनंदित होते हैं। रामकृपाल यादव द्वारा जीवन के लेखा-जोखा पर बात की गई तथा मिलने वाली मदद को देने वाली मदद के बराबर करने पर ध्यान दिलाया गया, प्रदीप सेन ने फ्रीडम गिलास के माध्यम से अपने जीवन में आए बदलाव की कहानी को प्रयोगात्मक तरीके से सबके सामने रखा। प्रतिभागियों में बक्सवाहा जनपद क्षेत्र के विभिन्न विभागों से शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों में जगत राज अहिरवार, रामस्वरूप सेन, हरिया अहिरवार, विशाल कुशवाहा, नारायण रैकवार, शैलेंद्र कुमार धमनया, छोटेलाल यादव, रामशरण अनुरागी, गोविंद सेन, डॉ मनोज चौरसिया, आलोक तिवारी, रमेश बिरथरे, महेंद्र कुमार साथी, एके पटेरिया, कृष्ण कुमार दुबे, राकेश तिवारी, पवन कुमार अहिरवार, श्रीनिवास दुबे, सुरजीत सिंह, डॉ मोहन कुमार पटेल आदि ने शांत समय लेकर अपने अनुभव साझा किये। प्रतिभागियों को अनेक बार किसी प्रश्न के साथ शांत समय लेकर अपने अंदर विचार करने को कहा गया। और उनका ध्यान इस ओर दिलाया गया कि जब वह खुद से संवाद करते हैं तब वह बेहतर विचार कर पाते हैं और बेहतर निर्णय ले पाते हैं। तहसीलदार भरत पांडे ने कहा कि वह दमोह जिले में आनंद विभाग के अल्पविराम कार्यक्रम से लगातार जुड़े रहे हैं और इसका लाभ उन्हें अपने शासकीय दायित्वों को निभाने में मिला है।

## खबर संक्षेप

### रीवा जिले में 2239 टन यूरिया और 1068 टन डीएपी खाद है उपलब्ध

**रीवा** । आगामी फसल की बुवाई के लिए किसानों को समुचित खाद की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। सहकारी समितियों डबल लॉक सेंटर तथा निजी विक्रेताओं के माध्यम से किसानों को खाद का वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि रीवा जिले में 27 अक्टूबर की स्थिति में कुल 2239.23 टन यूरिया तथा 1068.25 टन डीएपी खाद उपलब्ध है। इसके साथ-साथ 1619 टन एनपीके, 24 टन म्यूरेट ऑफ पोटाश तथा 3154.8 टन सिंगल सुपर फास्फेट उपलब्ध है। खाद की रैक नियमित अंतराल से प्राप्त हो रही है। उप संचालक ने बताया कि किसानों को सहकारी समितियों, डबल लॉक सेंटर तथा निजी विक्रेताओं के माध्यम से लगातार खाद का वितरण किया जा रहा है। अब तक किसानों को कुल 3212.49 टन यूरिया, 1791.4 टन डीएपी, 1235.7 टन एनपीके, 3.77 टन म्यूरेट ऑफ पोटाश तथा 328.5 टन सिंगल सुपर फास्फेट का वितरण किया जा चुका है।

### डेयरी के लिए मिलेगा अनुदान और बैंक ऋण

**कटनी**। दूध और दुग्ध उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने तथा पशुपालकों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से राज्य शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना शुरू की गई है। इस योजना में डेयरी इकाइयों की स्थापना के लिए बैंक ऋण सुविधा के साथ-साथ शासकीय अनुदान प्रदान किया जा रहा है। यह योजना मध्यप्रदेश में निवास करने वाले सभी पशुपालकों के लिए है। इस योजना के अंतर्गत 25 दुधारू पशुओं की इकाई स्थापित की जाएगी।

# दर्जनभर मेडिकल स्टोर सील, नाराज दवा व्यापारियों ने किया विरोध

## बिना फार्मासिस्ट और रजिस्ट्रेशन चल रही थी कई मेडिकल दुकानें

रीवा।





शहर में संचालित मेडिकल स्टोरों पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए सोमवार को बड़ी कार्रवाई की। जिला कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी के नेतृत्व में ड्रग विभाग और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने रीवा शहर के विभिन्न इलाकों में दबिश दी। जांच के दौरान कई मेडिकल स्टोर नियमों के उल्लंघन में पाए गए, जिसके बाद दर्जनभर दुकानों को सील कर दिया गया।निरीक्षण के दौरान टीम को कई ऐसे मेडिकल स्टोर मिले, जहाँ फार्मासिस्ट की उपस्थिति नहीं थी, और न ही दुकानों पर लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन या आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध थे। कुछ दुकानों में एक्सपायरी दवाइयाँ भी मिलीं, जबकि कई जगह दवाओं के रखरखाव के मानक नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था। एसडीएम डअनुराग तिवारी ने बताया कि मेडिकल स्टोरों में लाइसेंसधारी फार्मासिस्ट की उपस्थिति अनिवार्य है। एक्सपायरी दवाओं की बिक्री या बिना चिकित्सक की पर्ची के दवाएँ देना दंडनीय अपराध है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल स्टोरों की नियमित जांच की जा रही है ताकि किसी तरह की अनियमितता न रहे। उन्होंने कहा कि "हमारा उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि लोगों को सुरक्षित और मानक गुणवत्ता की दवाएँ उपलब्ध कराना है। हॉस्पिटल चौक के आसपास आठ दुकानें सीलटीम ने विशेष रूप से हॉस्पिटल चौक, सिरमौर चौक और संजय गांधी अस्पताल क्षेत्र के आसपास मेडिकल दुकानों की जांच की, जहाँ करीब 8 दुकानों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान कुछ संचालकों ने विरोध जताते हुए अपनी दुकानें खुद ही बंद कर लीं।दवा व्यापारियों में हड़कंप, विरोध में शहर की सभी दुकानें बंदप्रशासनिक कार्रवाई के बाद दवा व्यापारियों में हड़कंप मच गया। विरोध स्वरूप शहर के सभी मेडिकल स्टोर संचालकों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं। मध्यप्रदेश केमिस्ट एसोसिएशन के जोनल सेक्रेटरी सतीष मिश्रा ने आरोप लगाया कि प्रशासनिक दबाव बनाकर संचालकों को परेशान किया जा रहा है। हम नियमों के तहत दुकानें चला रहे हैं। कोरोना काल में भी मेडिकल संचालकों ने जनता के हित में सेवाएँ दी थीं, लेकिन अब उन्हें उत्पीड़न झेलना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि कार्रवाई बंद नहीं की गई, तो जिलेभर में मेडिकल स्टोर बंद आंदोलन शुरू किया जाएगा। आमजन को दवा खरीदने में दिक्कतशहर में मेडिकल स्टोर बंद रहने से मरीजों और आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अस्पतालों और क्लीनिकों के आसपास दवा नहीं मिलने से लोग परेशान नजर आए। कई मरीजों को आवश्यक दवाएँ जुटाने के लिए अन्य शहरों की ओर रुख करना पड़ा।

# नियम उल्लंघन पर टैक्सी-टैम्पो शुल्क वसूली, ठेकेदार को नोटिस, निगम ने पूछा, क्यों न ठेका निरस्त कर दिया

रीवा ।

नगर निगम रीवा ने टैक्सी-टैम्पो स्टेंड फीस और व्यावसायिक वाहनों से शुल्क वसूली में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर ठेकेदार मेसर्स एसडी ग्रुप्स एंड एजेंसी के प्रोपराइटर शुभम कुमार द्विवेदी निवासी अमहिया को ठेका निरस्त का नोटिस जारी किया है। निगम के अधिकारियों ने बीते दिन चिह्नित वसूली स्थलों का निरीक्षण किया, जिसमें पाया कि वसूली कर्मचारी अनुबंध की शर्तों का पालन नहीं कर रहे थे। कर्मचारियों ने गोल्डन यूनिफॉर्म नहीं पहनी थी, न ही निगम द्वारा प्रमाणित फोटो परिचय-पत्र लगाए थे। निधर्धारित 10 स्थलों में केवल कुतुलिया में रेट सूची का फ्लैक्स बोर्ड पाया गया, जबकि चाकी स्थानों पर नहीं लगाया गया था। इसके अलावा कई स्थानों पर बगैर इजाजत अवैध वसूली की शिकायते भी मिली। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि निर्धारित स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए गए हैं, जो अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन है। नगर निगम ने ठेकेदार को निर्देश दिया है कि तीन दिनों के भीतर बकाया राशि जमा कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करे, अन्यथा अनुबंध की कंडिका 18 और 19 के तहत 10 हजार रुपए और 21 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित कर ठेका निरस्त किया जाएगा। नगर निगम ने इसके पहले भी कई बार ठेकेदार को नोटिस जारी की हैं, लेकिन वसूली में पूरी तरह से मनमानी जारी है। कई बार शिकायते आई है कि बीच सड़क पर ठेकेदार के कर्मचारी वसूली कर गुंडागर्दी करते है। पुलिस थानों में भी शिकायते की गई है फिर भी सुधार नहीं होने से अब सख्ती की तैयारी है।

# सीएम हेल्पलाइन में 50 दिनों से लंबित प्रकरणों का 31 अक्टूबर तक करे निराकरण

**रीवा** । कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। श्री गुर्जर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में 50 दिनों से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का 31 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से निराकरण करें। अक्टूबर माह में दर्ज प्रकरणों का निराकरण करके विभाग की ग्रेडिंग में सुधार करें। राजस्व विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, पीएचई, नगरीय प्रशासन विभाग तथा श्रम विभाग प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। ऊर्जा विभाग में बिजली बिलों में सुधार के लंबित सभी प्रकरण तीन दिवस में निराकृत कराएं। सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगामुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि दो अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक जारी स्वच्छता सेवा माह में सभी अधिकारी अपने कार्यालय की साफ-सफाई कराएं। लंबित शिकायतों और आवेदनों का निराकरण करें। कार्यालय के अभिलेख व्यवस्थित और अद्यतन कराएं। कलेक्ट्रेट की टीम द्वारा कार्यालयों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। सभी अधिकारी और कर्मचारी आईजीओटी ऐप डाउनलोड करके शासन के निर्देशों के अनुरूप कम से कम 15 ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त करें। आगामी टीएल बैठक में कार्यालय में प्रशिक्षण प्राप्त अधिकारियों और कर्मचारियों की जानकारी प्रस्तुत करें। जनजातीय कार्य विभाग के आदि कर्मयोगी पोर्टल में भी चयनित गांवों की कार्ययोजना दर्ज कराएं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि आगामी एक नवम्बर को प्रदेश स्थापना का जिला स्तरीय समारोह कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रदेश और जिले की उपलब्धियों की प्रदर्शनी आयोजित करें। जिला शिक्षा अधिकारी स्थापना दिवस पर शासन के निर्देशों के अनुरूप सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराएं। स्थापना दिवस समारोह से युवाओं को जोड़ने के लिए प्रदेश की गौरवशाली विरासत, संस्कृति, पर्यटन, उद्योग तथा अन्य क्षेत्रों में विकास से जुड़ी वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन शिक्षण संस्थानों में कराएं। सभी कार्यालय भवनों में स्थापना दिवस की रात्रि में रोशनी की व्यवस्था करें। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने कहा कि अधिकारी सैनिक कल्याण कोष के लिए झण्डा दिवस की राशि 4 नवम्बर तक जमा करा दें। इस राशि का उपयोग पूर्व सैनिकों के कल्याण में किया जाता है। बैठक में संयुक्त कलेक्टर जीपी अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर आरके सिन्हा, संयुक्त कलेक्टर सुधीर बेक, डिप्टी कलेक्टर सुधाकर सिंह तथा सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नरवाई प्रबंधन के संबंध में किसानों को किया गया जागरूक



**रीवा** । पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण तथा मिट्टी की उर्वरता के संरक्षण के उद्देश्य से नरवाई जलाने पर जिले में प्रतिबंध लगाया गया है। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर किसानों को खरीफ फसलों की कटाई के बाद खेतों में आग न लगाने की सलाह दी गई। उप संचालक कृषि कल्याण यूपी बागरी ने जानकारी दी की सिरमौर विकासखण्ड के ग्राम तेंदुन और नेबूहा, रायपुर कर्चुलियान के सगरा, रीवा विकासखण्ड के लक्ष्मणपुर में, त्योंथर विकासखण्ड के अखवार, जवा के ग्राम कोनी तथा गंगेव विकासखण्ड के ग्राम तिवनी में नरवाई प्रबंधन कार्यक्रम अन्तर्गत किसानों को जागरूक किया गया। किसानों को बताया गया कि हार्वेस्टर के माध्यम से फसल की कटाई करने पर उसमें स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य है। जिन हार्वेस्टरों में अवशेष प्रबंधन सिस्टम नहीं होगा उन्हें फसल कटाने की अनुमति नहीं दी जायेगी। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि खेतों में नरवाई जलाने से मिट्टी के कई लाभदायक सूक्ष्म जीव एवं जैविक कार्बन जलकर नष्ट हो जाते हैं और मिट्टी कठोर हो जाती है। साथ ही इसकी जलधरण क्षमता भी घटती है। किसान भाईयों को सलाह दी गई कि नरवाई जलाने के स्थान पर फसल के अवशेष को एकत्रित कर पशुओं को भोजन के रूप में उपयोग करें। फसल अवशेष का उपयोग कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस बनाने में भी किया जाता है। जिससे किसानों को अतिरिक्त राशि प्राप्त होगी। किसान यदि धान के बाद अन्य कोई फसल लेना चाहता है तो हैप्पी सीडर और सुपर सीडर से फसल की बोनी करे। इससे नरवाई मिट्टी में मिलकर खाद के रूप में फसल के लिए पोषण का कार्य करेगी। नरवाई को बेलर, रैकर एवं चापर मशीन की सहायता से बंडल बनाकर औद्योगिक ईंधन के रूप में भी उपयोग किया जा सकता है। कार्यक्रमों में किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने की सलाह भी दी गई। साथ ही कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं से भी परचित कराया गया। इस दौरान ग्राम पंचायतों के किसान भाई तथा कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# रीवा जोन में ऑपरेशन प्रहार 2.0 की हुई शुरुआत, नशे के खिलाफ पुलिस का बड़ा अभियान, आईजी गौरव राजपूत की दो-टूक चेतावनी सुधर जाओ वरना जिम्मेदार खुद होंगे






**रीवा**। रीवा रेंज में नशे के खिलाफ एक बार फिर पुलिस ने बड़ा अभियान छेड़ दिया है। सोमवार से ऑपरेशन प्रहार 2.0 की आधिकारिक शुरुआत करते हुए पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत ने नशे के अवैध कारोबार और उसमें लिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई की घोषणा की। कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में आयोजित बैठक के दौरान आईजी ने सभी थाना प्रभारियों और पुलिसकर्मियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई पुलिसकर्मी इस गंदे कारोबार में संलिप्त पाया गया, तो वह अपने अंजाम का खुद जिम्मेदार होगा। आईजी गौरव राजपूत ने साफ शब्दों में कहा हर जगह नशे की शीशियां बिखरी हैं। यह कैसे संभव है कि पुलिस को इसकी खबर न हो, पिछले चार महीनों में हमने ऐसे पुलिसकर्मियों की सूची तैयार की है जो इस अवैध धंधे से जुड़े हैं। उन्हें सुधरने का आखिरी मौका दिया जा रहा है, वरना उनके खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई होगी।आईजी ने कहा कि यह उनके लिए बेहद दुखद होगा यदि किसी पुलिसकर्मी को समाज के सामने लज्जा का हार पहनकर पेश होना पड़े। उन्होंने यह भी जोड़ा कि वर्दी पहनने वाले व्यक्ति से समाज आदर्श की उम्मीद रखता है, न कि अपराधियों के संरक्षण की।ऑपरेशन प्रहार 2.0 समाजिक आंदोलन की दिशा में बड़ा कदमसे नो टू ड्रग्स के संदेश के साथ चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य जिले को नशामुक्त बनाना और युवाओं को नशे की दलदल से बाहर निकालना है। रीवा पुलिस अब केवल नशा बेचने वालों पर ही नहीं, बल्कि उनके संरक्षणकर्ताओं पर भी शिकंजा कसने जा रही है। वही ऐसे पुलिसकर्मियों की पहचान की जा चुकी है जो नशे के कारोबारियों से किसी भी रूप में संपर्क या लेन-देन रखते हैं। इन पर जल्द ही सख्त डिपार्टमेंटल एक्शन की संभावना जताई जा रही है।अवैध कारोबार पर लगातार छापेमारीअभियान के तहत कोरेक्स, गांजा, स्मैक, ब्राउन शुगर और अन्य नशीली दवाओं के अवैध कारोबार पर पुलिस की कार्रवाई तेज़ हो गई है। कई स्थानों पर छापेमारी कर बड़ी मात्रा में नशीला कफ सिरप जब्त किया गया है और कई आरोपी पुलिस गिरफ्त में आ चुके हैं। आईजी ने निर्देश दिए हैं कि गाँव-गाँव, गली-गली और मोहल्ले-मोहल्ले तक अभियान की पहुंच सुनिश्चित की जाए ताकि नशे की हर जड़ को खत्म किया जा सके।




# स्कूटी फिसलने से गिरी महिला को पीछे से आ रहे डंपर ने कुचला, विवि थाने के इटौरा बायपास के पास हादसा

**रीवा** । कीचड़ में स्कूटी फिसलने से गिरी महिला को पीछे से आ रहे डंपर ने कुचल दिया, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। विवि थाने के इटौरा बाईपास के पस ओवरब्रिज निर्माण कर काम चल रहा है, जिसके लिए डायवर्सन मार्ग बनाया गया है। इस मार्ग में हर समय पानी भरा रहता है जिसकी वजह से पूरी सड़क पर कीचड़ फैला है। रविवार की शाम स्कूटी से महिला जा रही थी, जिनकी गाड़ी कीचड़ में फिसल गई। इस दौरान महिला स्कूटी सहित गिर गई, जिनको पीछे से आ रहे डंपर ने कुचल दिया। महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने चालक को पकड़ लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई जिसने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया। चालक को पूछताछ के लिए पुलिस थाने ले आई। महिला की पहचान माया शुक्ला के रूप में हुई है, जिनके परिजन भी मौके पर पहुंच गए। गए। पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने किया जिला पंचायत का निरीक्षण



रीवा ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने जिला पंचायत रीवा के विभिन्न कक्षों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय परिसर सहित सभी कक्षों में नियमित साफ-सफाई किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया की अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से नियमित सफाई रखने तथा फाइलों को व्यवस्थित किये जाने की व्यवस्था करायें। उन्होंने पुरानी आलमरियों एवं कुर्सियों को सुधार कराने के लिए निर्देश दिये। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि जो अतिरिक्त फाइलें हैं उन्हें व्यवस्थित बांधकर स्टोर में रखाया जाय। उन्होंने स्टोर प्रभारी व संबंधित प्रभारी अधिकारियों को आगामी दो दिवस में दिये गये निर्देश का पालन सुनिश्चित कराने की बात कही।

# मऊगंज जिले में पीवीसी पाइप में विस्फोटक भरकर ध्वनि उत्पन्न करने वाले पटाखे प्रतिबंधित

मऊगंज



कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट संजय कुमार जैन ने जिले में लोहा स्टील एवं पीवीसी पाइपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध पटाखे (कार्बाइड गन) का निर्माण भण्डारण एवं क्रय विक्रय प्रतिबंधित कर दिया है। उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अन्तर्गत प्रदत्तशक्तियों का उपयोग करते हुए लोकहित में आदेश जारी कर जिले में इसकी बिक्री, वितरण या प्रदर्शन पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया है। उन्होंने एसडीएम, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों सहित संबंधित विभाग को इस आदेश का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने आदेश में कहा है कि यह आदेश एक पक्षीय पारित किया जाता है। सर्वसाधारण को इस आदेश की सूचना समाचार पत्रों, इलेक्ट्रानिक मीडिया तथा जिले के समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारियों/ कार्यपालिक दण्डाधिकारियों/ समस्त थानों, समस्त जनपद पंचायत एवं समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर प्रदर्शित की जावे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील हो गया है।

# श्रीराम सुपर 5-SR-05 और 1-SR-14 गेहूं बीज से मिल रही किसानों को रिकॉर्ड उपज, इस साल भी इन्हीं किस्मों पर भरोसे का रुझान

रीवाः



मध्य प्रदेश में गेहूं की खेती में श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स द्वारा विकसित श्रीराम सुपर 5-SR-05 और श्रीराम सुपर 1-SR-14 गेहूं बीजों ने उल्लेखनीय परिवर्तन लाया है। इन उन्नत किस्मों ने किसानों के बीच उच्च उपज, रोग प्रतिरोधकता और विभिन्न जलवायु परिस्थितियों में अनुकूलता के लिए ख्याति प्राप्त की है।श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स के विश्वविख्यात गेहूं वैज्ञानिकों द्वारा तैयार की गई गेहूं की किस्में, श्रीराम सुपर 1-SR-14 और 5-SR-05, इनकी अनुकूलन क्षमता और बेहतरीन उत्पादकता के चलते किसानों में बहुत लोकप्रिय हैं।

इनमें कल्ले ज़्यादा और बालियां लंबी है, और यह रोगों के प्रति सहनशील है।सबसे खास बात यह है कि बदलती प्रकृति से उभर रही नई-नई चुनौतियों में भी इन किस्मों के परिणाम श्रेष्ठ हैं। अपनी इन्हीं विशेषताओं के चलते ये दोनों किस्में भारत के विभिन्न क्षेत्रों के किसानों की पहली पसंद बन गई हैं।

अनुभवी किसान विजेन्द्र सिंह बताते हैं कि इस साल उन्होंने अपने खेत में श्रीराम सुपर 5-SR-05 गेहूं की बुवाई की। उनका कहना है कि इस किस्म का तना बेहद मज़बूत है, जिससे फसल गिरने की संभावना नहीं रहती। साथ ही, कल्लों की संख्या अधिक है और हर बाली में 85–90 दाने मिलने से उत्पादन अत्यधिक रहा। वे कहते हैं, "विपरीत मौसम में भी श्रीराम सुपर 5-SR-05 ने स्थिर और शानदार उपज दी — यह सच में भरोसेमंद गेहूं की किस्म है।"

साथ ही साथ श्रीराम द्वारा बाजार में दी जा रही किस्म श्रीराम सुपर 1-SR-14 से भी किसान बहुत खुश हैं व उत्तम परिणाम पा रहे हैं।

एक अन्य किसान केदार सिंह जिन्होंने पिछले साल अपने खेत में श्रीराम सुपर 1-SR-14 गेहूं बीज की बुवाई की थी।

**उनका कहना है कि इसमें अन्य किस्म की तुलना में श्रीराम सुपर 1-SR-14 में लंबी बालियाँ, अधिक कल्ले और प्रति बालियों दानों की संख्या अधिक रही और श्रीराम 1-SR-14 में कम पानी की आवश्यकता पड़ी। वे अन्य किसानों को भी श्रीराम सुपर 1-SR-14 लगाने की सलाह देती हैं।**

श्रीराम सुपर 5-SR-05 और 1-SR-14 गेहूं बीज के साथ-साथ, श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स के अन्य उत्पाद जैसे श्रीराम सुपर 3-SR-72, 303, 111, 272 भी पिछले कुछ सालों से अपनी शानदार परफॉर्मेंस के चलते किसानों में बेहद लोकप्रिय हो गए हैं।

श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स 135 वर्ष पुरानी डीसीएम श्रीराम लिमिटेड का एक हिस्सा है। यह एक अग्रणी बिजनेस ग्रुप है, जिसका टर्नओवर 12741 करोड़ है। श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स कृषि इनपुट्स जैसे बीज, विशेष पोषण, और फसल संरक्षण के कारोबार में सक्रिय है, जिससे भारतीय कृषि को मजबूत और किसानों की आय को बढ़ाने में सहायता मिल रही है।

# नईगढ़ी नगर परिषद में बैठक बिफरी, पार्षदों का सीएमओ और अध्यक्ष के खिलाफ विरोध प्रदर्शन



**मऊगंज**। जिले के नईगढ़ी नगर परिषद में सोमवार शाम बुलाई गई बैठक हंगामे की भेंट चढ़ गई। जानकारी के अनुसार बैठक का समय शाम 4:00 बजे तय था, जिसमें सभी पार्षद समय पर मीटिंग हॉल में पहुंच गए। लेकिन मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) हेमंत त्रिपाठी और अध्यक्ष 4:30 बजे तक मीटिंग में नहीं पहुंचे। करीब एक घंटे तक इंतजार करने के बाद पार्षदों ने सीएमओ से चर्चा की और बैठक की कार्यवाही शुरू करने की मांग की।पार्षदों का कहना था कि जब मीटिंग हॉल पहले से निर्धारित है तो बैठक वहीं कराई जाए, लेकिन सीएमओ हेमंत त्रिपाठी ने स्पष्ट किया कि अध्यक्ष के निर्देश पर बैठक केवल अध्यक्ष कक्ष में ही हो सकती है। इस बात पर पार्षदों ने कड़ा विरोध जताया और कहा कि "जब मीटिंग हॉल मौजूद है तो अध्यक्ष कक्ष में बैठक कराने का औचित्य क्या है?" विवाद बढ़ने पर पार्षदों ने सीएमओ और अध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी और शाम 5:00 बजे बैठक छोड़कर वापस लौट गए।गौरतलब है कि नगर परिषद की 12 पार्षदों ने पहले ही अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया है, जिसका निराकरण शासन स्तर पर लंबित है। पार्षदों का कहना है कि वे जनहित के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए बैठक में शामिल हुए थे, लेकिन अधिकारी और अध्यक्ष की मनमानी के चलते बैठक नहीं हो सकी। स्थिति अब टकराव की ओर बढ़ रही है, और सवाल यह है कि नगर परिषद की यह गतिरोध भरी स्थिति कब तक जारी रहेगी।*12 पार्षदों का अविश्वास प्रस्ताव अब भी लंबित* नगर परिषद की कुल 15 सीटों में से 12 पार्षदों ने कुछ माह पहले अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। यह प्रस्ताव अभी शासन स्तर पर विचाराधीन है। पार्षदों का कहना है कि जब तक इस प्रस्ताव पर निर्णय नहीं होता, तब तक परिषद की बैठकें निष्प्रभावी बनी रहेंगी।

### सीएमओ ने कहा

सीएमओ हेमंत त्रिपाठी ने बताया कि "परिषद की बैठक पार्षदों की होती है। ऐसी बैठकें पहले भी कई बार हो चुकी हैं। लेकिन इस बार कुछ पार्षदों के साथ उनके परिवारजन भी उपस्थित थे, जो नियमों के अनुरूप नहीं था।आज की बैठक दिनांक 23/10/2025 को आयोजित परिषद बैठक कोरम के अभाव में स्थगित थी जिसकी आगामी तिथि आज 27/10/2025 समय 04:00 बजे नियत थी उसी क्रम में परिषद बैठक सम्पन्न कराई गई है।

# विद्यार्थियों को स्पीड पोस्ट पर मिलेगी 10 प्रतिशत की छूट

रीवा ।

डाक विभाग स्पीड पोस्टर पर विद्यार्थियों को 10 फीसदी की छूट देगा। इसके लिए स्टूडेंट को स्पीड पोस्ट करने के दौरान अपना आईडी प्रस्तुत करना होगा और लिफाफे पर विद्यार्थी डाक लिखना होगा। इस आधार पर यह छूट मिलेगी। रीवा डाक संभाग के अधीक्षक आर.के. तिवारी ने बताया कि डाक विभाग एक नवम्बर से प्रीमियम सेवा स्पीड पोस्ट लागू करने जा रहा है। इस सेवा में विद्यार्थयों को विभाग स्पीड पोस्ट करने पर 10 फीसदी छूट देगा। छात्रों और युवाओं द्वारा मान्यता प्राप्त सरकार या निजी शैक्षणिक संस्थानों, केन्द्र तथा राज्य सरकार की भर्ती एजेंसियों को भेजे जाने वाले आवेदन और अन्य पत्र-व्यवहार के लिए स्पीड पोस्ट सेवाओं का उपयोग करने पर यह छूट दी जाएगी। विभाग स्पीड पोस्ट का शुल्क वजन और दूरी के आधार पर तय करता है। स्पीड पोस्ट का 50 ग्राम से लेकर 500 ग्राम वजन तक का अलग-अलग शुल्क है। इस शुल्क पर विद्यार्थियों को 10 फीसदी छूट मिलेगी। अधीक्षक ने बताया कि स्पीड पोस्ट डाक पर प्रेषक के रूप में विद्यार्थी का नाम लिखा होना जरूरी है। साथ ही प्रेषक का नाम और छात्र आईडी पर दिया गया नाम एक होना चाहिए। प्राप्तकर्ता कोई मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान (स्कूल, कालेज, विश्वविद्यालय, या समकक्ष) या भर्ती एजेंसियों (जैसे यूपीएससी, राज्य पीएससी, राज्य अधीनस्थ बोर्ड, एनटीए या अन्य समकक्ष भर्ती एजेंसियां) होना जरूरी है। बुकिंग के समय छात्र को मान्यता प्राप्त संस्थान का पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। रीवा और सीधी प्रधान डाकघर में डाक और पार्सल बुकिंग का समय रात आठ बजे तक रहेगा।